17.0 राजभाषा क्रियान्वयन :

वित्तीय वर्ष 2020-21 के दौरान, हिंदी पत्राचार का प्रतिशत "क" क्षेत्र में 55.62% "ख" क्षेत्र में 31.25% "ग" क्षेत्र में 55.59% अभिलिखित की गई है। राजभाषा विभाग द्वारा बांग्ला भाषा में पत्रिका नामशः "मृदंगार" का प्रकाशन आरंभ किया गया है। राजभाषा (हिंदी) की अर्धवार्षिक पत्रिका "ज्योत्स्ना" का प्रकाशन किया गया। 01 द्विभाषिक (बांग्ला व हिंदी) एवं 02 हिंदी में न्यूज बुलेटिन नामतः ईसीएल मुख्यालय से "ईसीएल दर्पण", काजोड़ा क्षेत्र से "प्रयास" एवं कुनुस्तोड़िया से "समृद्धि" प्रकाशित किया गया। 01 द्विमासिक वॉल पोस्टर "ईसीएल समाचार" नियमित रूप से प्रकाशित किया गया। वित्तीय वर्ष के सितंबर माह को संपूर्ण ईसीएल में संयुक्त रूप से 'राजभाषा माह' के रूप में मनाया गया।

हिंदी में कार्यालयीन कार्यों की सुगमता के लिए फोनेटिक एवं पारंपरिक टंकण दोनों में मुख्यालय सहित समस्त खनन क्षेत्रों के सभी कंप्यूटर यूनिकोड समर्थ हिंदी फॉन्ट में सक्रिय है। प्रत्येक विभाग के अधिकारियों एवं कर्मियों को कंप्यूटर पर हिंदी में कार्य करने के लिए प्रशिक्षित किया गया है ताकि हिंदी पत्रचार में संवृद्धि में प्राप्त हो सके। भारत सरकार के गृह मंत्रालय के राजभाषा विभाग के पोर्टल पर तिमाही प्रगति रिपोर्ट (क्यूपीआर) की ऑनलाइन प्रस्तुति सुनिश्चित किए गए थे।

कवयित्री सम्मेलन का आयोजन किया गया, जो नारी शक्ति को समर्पित था। भारतीय संविधान के अनुच्छेद 351 के सार को आत्मसात करने के निहितार्थ सभी कर्मियों के लिए एक सांस्कृतिक समागम का आयोजन किया गया। वर्ष के दौरान नौ हिंदी कार्यशालाएँ आयोजित किए गए थे।

ईसीएल मुख्यालय में राजभाषा माह समारोह

ईसीएल मुख्यालय, सांकतोड़िया में कवयित्री सम्मेलन